# एक क्विक गाइड (त्वरित मार्गदर्शिका)

## सरल Tier 4 (टियर 4) रिपोर्टिंग टेम्प्लेट (खाका) के लिए

*नोट: प्रदर्शन रिपोर्ट को अंग्रेज़ी अथवा Te Reo Māori (माओरी भाषा) का उपयोग करके पूरा करने की आवश्यकता है।*

एक पंजीकृत चैरिटी के रूप में आपको एक वार्षिक रिटर्न फॉर्म और एक प्रदर्शन रिपोर्ट दर्ज करनी होगी जो वर्तमान रिपोर्टिंग मानकों को पूरा करती है। ये आपके वित्तीय वर्ष की समाप्ति से छह महीने से पहले देय होते हैं।

External Reporting Board (बाहरी रिपोर्टिंग बोर्ड) ने टियर 4 चैरिटियों के लिए एक सरल टेम्पलेट तैयार किया है। इस गाइड (मार्गदर्शिका) को उस टेम्पलेट (नमूने) के साथ पढ़ा जाना चाहिए, जो मुख्य आइटमों (विषयों) के लिए परिभाषाएं और उदाहरण प्रदान करती है।

**इस सरल रिपोर्टिंग टेम्पलेट को छोटी टियर 4 चैरिटियों के लिए बनाया गया है। आपके पास:**

- केवल एक ही बैंक खाता हो सकता है;
- कम या कोई अन्य महत्वपूर्ण संसाधन (वे चीजें जो आपकी हैं जैसे कि कार, जमीन या भवन) नहीं हो सकते हैं;
- कुछ या कोई महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं नहीं हो सकती हैं (वे चीजें जो आप पर बकाया हैं जैसे कि बैंक ऋण); तथा
- आपने अन्य जटिल लेनदेन में प्रवेश नहीं किया है (जैसे कि बहु-वर्षीय अनुदान या व्यवसायों को नियंत्रित करना)।

जो चैरिटी अपनी रिपोर्ट में अतिरिक्त जानकारी शामिल करना चाहते हैं (उदाहरण के लिए अगर फंड देने वालों द्वारा अनुरोध किया गया है) तो वैकल्पिक जानकारी की रिपोर्ट करने के लिए अभी भी संपूर्ण टियर 4 रिपोर्टिंग टेम्प्लेट का उपयोग कर सकते हैं।

चूंकि सरल रिपोर्टिंग टेम्पलेट संपूर्ण रिपोर्टिंग टेम्पलेट की तुलना में बहुत छोटी है, इसलिए हमने अपनी टियर 4 गाइड से प्रमुख अवधारणाओं को लिया है और उन्हें आपके संदर्भ के लिए यहां शामिल किया है। यदि आप किसी भी चीज़ पर अटक गए हैं, तो अतिरिक्त मदद के लिए हमारी पूरी मार्गदर्शिका को देखें।

## विषय सामग्री


- रसीदों और भुगतानों का विवरण
- संसाधनों और प्रतिबद्धताओं (वायदों) का विवरण
- संबंधित पार्टी (पक्ष से) लेनदेन





CHARITIES SERVICES
Ngā Ratonga Kaupapa Atawhai

# रसीदों और भुगतानों का विवरण

रसीदों और भुगतानों के विवरण का उद्देश्य वित्तीय वर्ष के दौरान अपनी सभी गतिविधियों के लिए आपकी चैरिटी द्वारा प्राप्त (रसीदें) और चुकाए गए (भुगतान) सभी धन की रिपोर्ट करना है। यह स्टेटमेंट विवरण यह भी दर्शाता है कि वित्तीय वर्ष की शुरुआत और अंत में आपकी चैरिटी के पास कितना पैसा था।

इसके बारे में सोचने का एक आसान तरीका यह है कि रसीदों और भुगतानों का विवरण वर्ष के लिए आपकी चैरिटी के बैंक विवरण का सारांश है।

आपकी चैरिटी को अपनी रसीदों और भुगतानों को नीचे दी गई श्रेणियों में समूह में रखने की आवश्यकता है।

| श्रेणी | व्याख्या | उदाहरण |
|---|---|---|
| ऑपरेटिंग (परिचालन) रसीदें | | |
| दान, (फंडरेजिंग) धन उगाहने और अन्य इसी तरह की रसीदें | यहां अनुदान और दान/koha (कोहा) से प्राप्त कुल धनराशि को शामिल करें जो सामान या सेवाएं प्रदान करने से प्राप्त नहीं हुई है। अतिरिक्त जानकारी पृष्ठ 20 पर देखें।<br>इस अनुभाग में आपकी चैरिटी के सदस्यों द्वारा दिए गए दान शामिल नहीं हैं (यदि इसका सदस्यता आधार है)। यह जानकारी अगली श्रेणी में दर्ज की गई है।<br>धन उगाहने की रसीदों के लिए, धन उगाहने वाली गतिविधियों के माध्यम से जुटाए गए किसी भी धन का योग (कुल राशि) शामिल करें। | *- दान: किसी बाहरी प्रायोजक द्वारा आपको दान किया गया धन, आदि।*<br>*- धन उगाहने की रसीदें: वार्षिक प्रार्थना, bingo/quiz (बिंगो/क्विज़) रातें, केक की दुकान, sausage sizzles (सॉसेज सिज़ल्स), रैफल्स (लाटरी), फंडरेजिंग डिनर, galas/fairs, कार बूट सेल, स्पोन्सरशिप (प्रायोजन), खेल आयोजन, आदि।* |
| सदस्यों से शुल्क, सदस्यता और अन्य रसीदें | यदि आपकी चैरिटी का सदस्यता आधार है, तो अपने सदस्यों से प्राप्त कुल राशि को यहां शामिल करें। | *सदस्यता शुल्क, चंदे की राशि, दान / कोहा और सदस्यों से प्राप्त हुई धनराशि, या प्रदान की गई वस्तुओं या सेवाओं के लिए आपके सदस्यों से प्राप्त धन।* |
| माल बेचने या सेवाएं प्रदान करने से रसीदें | माल बेचने या सेवाएं प्रदान करने से प्राप्त कुल राशि। | *- बच्चों की कार सीटों को किराए पर देने से हुई इनकम (आय)*<br>*- अनुदान जो माल या सेवाओं के वितरण के लिए एक अनुबंध है।* |
| बैंक खाता ब्याज और अन्य निवेश आय | आपकी चैरिटी के पास जो निवेश है उनसे प्राप्त कुल धन। | *बैंक से ब्याज या निवेश से लाभांश।* |
| अन्य रसीदें | अन्य प्राप्त धन का योग।<br>यदि आपकी चैरिटी जीएसटी के लिए पंजीकृत है और आप इस अनुभाग में जो जानकारी दर्ज कर रहे हैं वह जीएसटी रहित है, तो आपको यहां नेट (वास्तविक) जीएसटी को रिकॉर्ड करना होगा। | *बीमा भुगतान, रॉयल्टी, जीएसटी (यदि जीएसटी के लिए पंजीकृत हैं और जीएसटी रहित जानकारी दर्ज कर रहे हैं)।* |

| सैक्शन (अनुभाग) | व्याख्या | उदाहरण |
|---|---|---|
| ऑपरेटिंग (परिचालन) भुगतान | | |
| धन उगाहने की लागत | Fundraising (धन उगाहने) की गतिविधियों की लागत को कवर करने के लिए किए गए कुल भुगतान। | *स्थान का किराया, प्रचार और मार्केटिंग (विपणन), उधार लिए गए उपकरण के बदले में कोहा, पुरस्कारों की लागत, तीसरे पक्ष को धन उगाहने के लिए फीस या कमीशन, सॉसेज सिज़ल आपूर्ति (सॉसेज, सॉस, ब्रेड, आदि) की लागत।* |
| कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को भुगतान | यदि आपकी चैरिटी में कर्मचारी कार्यरत हैं या इसमें स्वयंसेवक हैं, तो उनसे संबंधित सभी भुगतानों का योग यहां दर्ज करें। | *अस्थायी कर्मचारियों सहित, सामान्य काम के लिए ठेकेदारों, बोर्ड के सदस्यों को ड्यूटी (कर्तव्यों) के लिए मानदेय, PAYE, KiwiSaver (कीवीसेवर) योगदान, एसीसी लेवी, स्टॉफ ट्रेनिंग और व्यावसायिक विकास, कर्मचारियों की भर्ती के लिए वेतन और मजदूरी।* |
| सामान या सेवाएं प्रदान करने से संबंधित भुगतान | किए गए कुल भुगतान जो आपकी चैरिटी द्वारा सामान या सेवाएं प्रदान करने से संबंधित हैं। | *जनोपयोगी सेवाएं (किराया, रेट्स, बिजली, टेलीफोन), आईटी (कंप्यूटर) लागतें, बीमा, मरम्मत, रखरखाव, स्टेशनरी, फोटोकॉपी, छपाई, डाक/कूरियर लागत, सॉफ्टवेयर लागत, सफाई।* |
| अनुदान और दान का भुगतान | अगर आपकी चैरिटी अनुदान या दान के माध्यम से धन वितरित करती है, तो इनका योग यहां दर्ज करें। | *भुगतान किए गए अनुदान, भुगतान की गई छात्रवृत्ति, दिए गए दान, किए गए योगदान, अन्य परोपकारी दान।* |
| अन्य भुगतान | आपके द्वारा किए गए किन्हीं अन्य भुगतानों का कुल योग जो ऊपर दी गई श्रेणियों में फिट नहीं होता है। | *ब्याज भुगतान, एफिलिएशन फीस (संबद्धता शुल्क), लेखा परीक्षा शुल्क, बैंक शुल्क।* |

# रसीदों और भुगतानों के अपने विवरण को संतुलित करना

रसीदों और भुगतानों के विवरण को साल भर के लिए आपके चैरिटी के बैंक बैलेंस में हुई गतिविधि को प्रतिबिंबित करना चाहिए। आपकी चैरिटी का शुरुआती बैंक बैलेंस रसीदों को जमा करने और भुगतान को घटाने के बाद आपके क्लोजिंग (अंत के) बैंक बैलेंस के बराबर होगा।

**शुरूआती बैंक बैलेंस** + **प्राप्त धन** - **भुगतान किया गया धन** = **क्लोज़िंग (अंत का ) बैंक बैलेंस**

## हमने नीचे एक उदाहरण दिया है:

| Statement of Receipts and Payments | | | |
|---|---|---|---|
| For the Year Ended: 31 December 2020 | | | |
| **Operating Receipts** | | **Current Year** | **Last Year** |
| Donations, fundraising and grants | | 70 | 110 |
| Fees and other receipts from members | | 200 | 300 |
| Receipts from selling goods or providing services | | - | 130 |
| Bank account interest and other investment income | | 5 | 10 |
| Other receipts | | 0 | - |
| **Total Operating Receipts** | **Money received** | **275** | **550** |
| **Operating Payments** | | | |
| Fundraising costs | | 50 | 50 |
| Payments to employees and volunteers | | - | - |
| Payments related to providing goods or services | | 75 | 100 |
| Grants and donations paid | | 100 | - |
| Other payments | | 150 | 150 |
| **Total Operating Payments** | **Money paid** | **375** | **300** |
| Operating surplus/(deficit) for the year | - | 100 | 150 |
| Plus opening total of all bank accounts and cash on hand | **Opening bank balance** | **350** | 200 |
| **Closing total of all bank account balances and cash on hand** | **Closing bank balance** | **250** | **350** |

# संसाधनों और प्रतिबद्धताओं (वायदों) का विवरण

संसाधनों और प्रतिबद्धताओं के विवरण का उद्देश्य आपके वित्तीय वर्ष के अंत में आपकी चैरिटी के महत्वपूर्ण संसाधनों और प्रतिबद्धताओं का एक स्नैपशॉट (संक्षिप्त छवि) प्रदान करना है।

## “महत्वपूर्ण” क्या होता है?

आपको केवल उन संसाधनों और प्रतिबद्धताओं को रिकॉर्ड करने की आवश्यकता है जो **महत्वपूर्ण** हैं।

**महत्वपूर्ण** एक अकाउंटिंग (लेखांकन) शब्द है जिसका अर्थ है कि आपको कुछ निर्णय का उपयोग करने की आवश्यकता है। एक संसाधन या प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है यदि इसे आपकी प्रदर्शन रिपोर्ट में शामिल करने या निकालने से आपकी चैरिटी के बारे में पाठक की संपूर्ण समझ बदल सकती है। ‘**महत्वपूर्ण**’ क्या है वह प्रत्येक चैरिटी के लिए अलग-अलग होगा। उदाहरण के लिए, एक छोटी सी चैरिटी के लिए जो महत्वपूर्ण है, जरूरी नहीं है कि वह एक बड़ी चैरिटी के लिए महत्वपूर्ण हो।

## संसाधन और प्रतिबद्धताएं (वायदे) क्या हैं?

संसाधन वे हैं जिसकी आपकी चैरिटी मालिक हैं और जो इसके प्रति देनदार हैं। प्रतिबद्धताएं दूसरों के प्रति दायित्व हैं और अपने वित्तीय वर्ष के अंत में चैरिटी द्वारा क्या भुगतान करना बाकी है।

| अनुसूची | प्रकार | उदाहरण |
|---|---|---|
| **संसाधन** | बैंक खाते और नकद राशि | *चैक खाता, बचत खाता।* |
| | दूसरों की ओर से रखा गया धन | *यदि आपने किसी संयुक्त परियोजना पर काम करने के लिए किसी अन्य संस्था के साथ भागीदारी की है और इसके लिए फंड (धनराशि) आपने अपने पास रखा हुआ है।* |
| | इकाई के लिए बकाया धन | *बिना भुगतान की गई रसीदें, देय ब्याज, वायदा किया गया अनुदान जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जीएसटी रिफंड* |
| | वास्तविक संसाधन | *भूमि और भवन, मोटर वाहन, कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर, फर्नीचर, कार्यालय के उपकरण, स्टॉक / माल की सूची या भंडार।* |
| | निवेश | *शेयर, बॉन्ड, आदि।* |
| **प्रतिबद्धताएं (जिम्मेदारियां)** | इकाई द्वारा देय धन | *देय किराया, देय रेट्स (शुल्क), यूटिलिटी (जनोपयोगी सेवाओं के) खाते, देय मजदूरी और वेतन, आईआरडी को किया जाने वाला भुगतान, देय ब्याज, आपकी चैरिटी द्वारा देय अनुदान जो स्वीकृत है लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया है, देय ऋण।* |
| | अन्य प्रतिबद्धताएं | *लीज़ (पट्टा) या किराये का समझौता जिसका भुगतान करने के लिए आप प्रतिबद्ध हो चुके हैं, ऋण या अनुदान प्रदान करने की प्रतिबद्धता, भावी आयोजन के लिए प्राप्त नकदी।* |
| | गारंटी | *एक चैरिटी ऋण के लिए guarantor (जमानतदार अथवा गारंटी देने वाला) के रूप में काम करती है।* |

# संबंधित पार्टी (पक्ष से) लेनदेन

टियर 4 मानक के अंतर्गत चैरिटी द्वारा संबंधित पार्टी लेनदेन की रिपोर्ट देनी जरूरी होती है। एक संबंधित पार्टी लेनदेन एक चैरिटी और उन लोगों के बीच धन, सामान या सेवाओं का हस्तांतरण है जो निकट से जुड़े हुए हैं और चैरिटी को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

## संबंधित पार्टी कौन हैं?

**संबंधित पार्टियां लोग या संस्थाएं हो सकते हैं, जिनमें शामिल हैं:**

- वे लोग जिनका चैरिटी की कार्यनीति और वित्तीय निर्णयों (जैसे कि पदाधिकारियों, समिति के सदस्यों, प्रबंधकों) और उनके परिवारों के करीबी सदस्यों (जैसे कि माता-पिता, सहभागी, भाई-बहन, या बच्चे) पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है;
- अन्य संस्थाएं जो चैरिटी पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं (उदाहरण के लिए, एक संस्था जो दान के संचालन समूह के सदस्यों में से एक को नियुक्त करता है)।

उन लोगों को महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं माना जाता है यदि वे चैरिटी के केवल दिन-प्रतिदिन के संचालन में शामिल होते हैं और इसके कार्यनीति संबंधी या वित्तीय निर्णयों में उनकी कोई भागीदारी नहीं होती है।

## संबंधित पार्टी लेनदेन क्या होते हैं?

एक संबंधित पार्टी लेनदेन चैरिटी और एक संबंधित पार्टी के बीच धन, वस्तुओं या सेवाओं का हस्तांतरण है। आपको संबंधित पार्टी के साथ लेन-देन की रिपोर्ट करनी चाहिए जो:

- **आपकी** चैरिटी के लिए महत्वपूर्ण (स्वरूप या बनावट अथवा वित्तीय मूल्य में) हैं; या
- सामान्य नियमों और शर्तों पर नहीं हैं (उदाहरण के लिए, रियायती या दान किया गया सामान अथवा छूट या स्वेच्छा से पेशेवर सेवाएं)।

## संबंधित पार्टी लेन-देन का उदाहरण

| संबंधित पक्ष का वर्णन करें | लेन-देन का वर्णन करें | वर्तमान वर्ष | पिछला वर्ष |
| --- | --- | --- | --- |
| Hemi Tamihaua गवर्निंग बॉडी (संचालक मंडल) के सदस्य हैं और ABC Training Ltd (एबीसी ट्रेनिंग लिमिटिड) के मालिक भी हैं। | ABC Training Limited (एबीसी ट्रेनिंग लिमिटिड) चैरिटी के लिए एक नए ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) कार्यक्रम की निगरानी में शामिल था। | $2,000 | $0 |